## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–26.05.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्य में छठे चरण के तहत कल रांची समेत चार सीटों पर 63 दशमलव 76 प्रतिशत मतदान, चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार– शहर से ज्यादा ग्रामीण इलाकों में हुई वोटिंग।
2. कल हुए मतदान के बाद दलों ने किये जीत के दावे–एनडीए को सभी सीटों पर बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद, मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा – इंडी गठबंधन को मिलेगा पूर्ण बहुमत।
3. चुनाव आयोग ने कहा–चुनावी प्रक्रिया को बाधित करने के लिए गढ़ी जा रही हैं झूठी कहानियां, आयोग के पास हर एक वोट का है हिसाब, किया दावा–वोटों में हेराफेरी असंभव।
4. अगले छह घंटों में गंभीर चक्रवाती तूफान में बदल जाएगा उत्तरी बंगाल की खाड़ी के ऊपर उठा तूफ़ान रेमल, रांची समेत संताल और कोल्हान के अधिकतर हिस्सों में कल और परसों तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना।
5. तीरंदाजी विश्व कप में भारतीय तिकड़ी ने महिला कम्पाउंड वर्ग में जीता लगातार तीसरा स्वर्ण पदक।

******************

राज्य में छठे चरण के तहत कल रांची समेत चार सीटों पर 63 दशमलव 76 प्रतिशत मतदान हुए। धनबाद, जमशेदपुर, गिरिडीह और रांची लोकसभा सीटों के लिए आठ हजार नौ सौ तिरेसठ मतदान केंद्र बनाए गए थे। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, शहर से ज्यादा ग्रामीण इलाकों में वोटिंग हुई। इस चरण के मतदान में 93 प्रत्याशियों की चुनावी किस्मत ईवीएम में बंद हो गयी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि राज्य में छठे चरण का मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। मतदानकर्मियों ने ईवीएम को स्ट्रांग रूम में जमा करवा दिया है। उन्होंने बताया कि मतदान प्रतिशत को लगातार अपडेट किया जा रहा है। श्री कुमार ने संभावना जताई कि पोस्टल बैलेट से पड़े वोटों के आधार पर आज मतदान के प्रतिशत में और वृद्धि हो सकती है।

******************

भारतीय जनता पार्टी ने राज्य की सभी 14 सीटों पर चुनाव में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई है। मतदान का प्रतिशत कम होने के बाद भी पार्टी जीत के प्रति आश्वस्त है। भाजपा के प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता और दस साल की सरकार के काम के आधार पर जनता मतदान कर रही है। वहीं, दूसरी ओर मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने राज्य की सभी सीटों पर भाजपा की स्थिति बेहद ख़राब होने का दावा किया है। मुख्यमंत्री ने कल कहा कि देश में इंडी गठबंधन को इस बार बहुमत मिलेगा।

******************

चुनाव आयोग ने कहा है कि देश में हो रहे चुनाव की प्रक्रिया को बाधित करने के लिए झूठी और आधारहीन कहानियां गढ़ी जा रही हैं। आयोग ने कल एक बार फिर दुहराया कि वोटों में हेराफेरी संभव ही नहीं है और आयोग के पास एक–एक वोट का हिसाब है। इससे पहले कल चुनाव आयोग ने कल पांचों चरण में पड़े कुल वोटों के प्रतिशत के साथ इसकी कुल संख्या का आंकड़ा भी जारी कर दिया।

******************

राज्य में कल हुए छठे चरण के चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के पांच मामले दर्ज किए गये। राज्य के मुख्य चुनाव आयुक्त के रवि कुमार ने कल एक प्रेस वार्ता में बताया कि रांची संसदीय क्षेत्र से एक, जमशेदपुर और गिरिडीह संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से दो–दो मामले दर्ज किए गये हैं। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता लगने से अबतक बारह हजार आठ सौ छियालीस लाख की नकद धनराशि जब्त की गयी है। इधर, राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर ने कहा कि गिरिडीह जिले के पीरटांड़, पारसनाथ और बोकारो जिले के झुमरा पहाड़ जैसे इलाके जो नक्सल प्रभावित हुआ करते थे, वहां भी मतदान शांति के साथ संपन्न हुआ।

******************

गोड्डा जिले में पहली जून को होनेवाले मतदान को लेकर आज स्वीप कार्यक्रम के तहत मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। सुबह पांच बजे से शुरू हुए इस दौड़ में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया।

******************

जमशेदपुर में वन विभाग की सत्तर एकड़ जमीन पर पर्यावरण पार्क का निर्माण कराया जा रहा है। विस्तृत ब्योरे के साथ हमारे संवाददाता –

साउंड बाईट–राजेश कुमार लालदास, जमशदपुर–43 सेकेंड

******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

******************

डालटनगंज स्थित मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल से इंटर्नशिप कर रहे 34 वर्षीय एक डॉक्टर की सड़क हादसे में कल मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि बीच सड़क पर स्कूटी के अचानक अनियंत्रित हो जाने से यह हादसा हुआ। बिजली की खंभे से टकराने के बाद डॉक्टर को सिर में गंभीर चोट आयी, जिससे उनकी मौत हो गयी।

******************

मौसम विभाग ने कहा है कि उत्तरी बंगाल की खाड़ी के ऊपर श्रेमलश तूफान अगले छह घंटे में गंभीर चक्रवाती तूफान में बदल जाएगा। यह आज आधी रात के समय बांग्लादेश और आसपास के पश्चिम तटों के बीच से गुजरेगा। इस तूफ़ान के कारण राजधानी रांची समेत संताल और कोल्हान के अधिकतर हिस्सों में कल और परसों बारिश हो सकती है। इस दौरान साथ किलोमीटर प्रति घंटे की रफ़्तार से हवाएं चल सकती हैं।

******************

तीरंदाजी में अदिति स्वामी, ज्योति सुरेखा वेन्नम और परनीत कौर ने कल कोरिया गणराज्य के येचिओन में तीरंदाजी विश्व कप 2024 चरण–दो में स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले, भारतीय तीरंदाजी टीम ने क्वार्टर फाइनल में इटली पर 236–234 की जीत के बाद सेमीफाइनल में यूएसए को 233–229 से हराया था। भारत क्वालिफिकेशन में दूसरे स्थान पर रहा। तीन बार की ओलंपियन और झारखंड की दीपिका कुमारी महिला व्यक्तिगत रिकर्व सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया की लिम सिहयोन के खिलाफ उतरेंगी।

******************

एफआईएच प्रो हॉकी लीग में भारतीय पुरुष और महिला दोनों टीमों को एंटवर्प में मेजबान बेल्जियम से हार का सामना करना पड़ा। निर्धारित समय में 2–2 से बराबरी के बाद पुरुष टीम शूटआउट में 1–3 से हार गयी।

इससे पहले भारतीय महिला टीम भी आज शाम बेल्जियम से 1–2 से हार गई थी। यूरोपीय चरण का दूसरा भाग अगले महीने लंदन, इंग्लैंड में खेला जाएगा।

******************

दो जून से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप के लिए कप्तान रोहित शर्मा सहित भारतीय क्रिकेटरों का पहला जत्था संयुक्त राज्य अमेरिका पहुंच गया है। टी20 विश्व कप 2 जून से 29 जून तक संयुक्त राज्य अमेरिका और वेस्टइंडीज द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा। भारतीय क्रिकेट टीम अपने अभियान की शुरुआत 5 जून को न्यूयॉर्क के नवनिर्मित नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयरलैंड के खिलाफ करेगी। भारत 9 जून को पाकिस्तान से भिड़ेगा, उसके बाद ग्रुप ए मैचों में सह–मेजबान अमेरिका और कनाडा से मुकाबला होगा।

******************

आईपीएल क्रिकेट में फाइनल मुकाबले के लिए आज सनराइजर्स हैदराबाद चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स से भिड़ेगी। मैच शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा।

******************

अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी समाचार पत्रों ने कल छठे चरण के तहत हुए रांची, धनबाद, जमशेदपुर और गिरिडीह में मतदान की खबरों को तस्वीरों के साथ प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने लिखा है – जम्मू कश्मीर के पूंछ और राजौरी से भी कम मतदान रांची, हटिया और कांके में।

हिन्दुस्तान लिखता है– शहर से ज्यादा गांव में निकले वोटर।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है – गुजरात के राजकोट में अनहोनी, गेम जोन में आग लगने से बच्चों सहित तीस लोगों की मौत।

दैनिक जागरण ने रांची के नगड़ी में चुनाव कराने गयी टीम को पांच घंटे तक बंधक बनाये रखने की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

द टाइम्स ऑफ इंडिया ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस बयान को लीड बनाया है, जिसमें उन्होंने कल पटना में कहा कि इंडी गठबंधन वालों को वोट बैंक के लिए गुलामी और मुजरा करना है तो वे करें।

हिन्दुस्तान टाइम्स ने तत्कालीन ग्रामीण विकास विभाग के सचिव और वरिष्ठ आईएएस अधिकारी मनीष रंजन को दुबारा 25 मई को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा समन देने की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

*********समाप्त************